[ Mr. Chairman ]

Business the matter is not pressed further. There should be unanimity. If all the sides agree we can take a decision on this question. I do not think we can go by a vote of the House on this. Therefore, as certain hon. Members and leaders of parties have expresed their disapproval I do not think there is any point in pursuing the matter. We will not take up Private Members' Business.

SHRI GOVINDA MENON : Let us meet tomorrow.

MR. CHAIRMAN: You can bring a proposal and we will consider it.

SHRI A. S. SAIGAL: There is already a motion moved by Shri Narendra Singh Mahida.

MR. CHAIRMAN: He may give it in writing and I will consider it.

**15.07 hrs.**

## COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

### FIFTY-FIRST REPORT

SHRI S. M. SOLANKI (Gandhinagar): Sir, I beg to move:

> "That this House do agree with the Fifty-first Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 30th July, 1969."

MR. CHAIRMAN: The question is :

> "That this House do agree with the Fifty-first Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 30th July, 1969."

*The motion was adopted.*

---

**15.07½ hrs.**

## RESOLUTION RE: ABOLITION OF PRIVY PURSES—*Contd.*

MR. CHAIRMAN: The House will now take up further discussion of the following Resolution moved by Shri Rabi Ray on the 9th May, 1969:—

> "This House is of opinion that the continuation of tax free payment of privy purses to the former rulers of Indian States and of special privileges is against the democratic and egalitarian principles enshrined in the Constitution, and therefore recommends to the Government to take all necessary steps, both executive and legislative, to complete the abolition of these payments, subject to an outright rehabilitation lump-sum payment of seven times the annual privy purse amount or a sum of one million rupees, whichever is smaller, by the 2nd October, 1969."

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): Sir, I would request you to stick to the time schedule so that third resolution about the activities of Naxalites is given at least one minute, to be moved.

SHRI N. DANDEKER (Jamnagar): Mr. Chairman, Sir, in opposing this Resolution, suggesting the abolition of Privy Purses, I would like to take the House back to the years in which the negotiations were undertaken with the Rulers and these Agreements relating to Privy Purses were signed. I had the privilege at that time to be working as one of the back-room boys in the States Ministry where Sardar Patel was handling this problem at the political level, assisted by Mr. V. P. Menon; and happily I was one of those in the background who had a great deal of work to do in that connection. So I want the House to bear with me for a while, and go back with me to recapture and appreciate the atmosphere in which this whole exercise if integrating India was undertaken.

In 1947, the British Parliament passed what was known as the Indian Independence Act, consequent upon which there was not only the partition of the country into Pakistan and India but also the setting up of the Constituent Assembly for the purpose of drafting the Constitution of this country. At the same time, by section 7 of the Indian Independence Act, all treaties, obligations, understandings, usages, sanads etc. relating to all matters between the Rulers of the Indian States and the then British Government were

expressly extinguished and came to an end. I want the House to appreciate the resultant situation that in so far as even the nebulous doctrine of paramountcy and so on was concerned, including all the treaties and sanads and obligations and usages and understandings and the whole lot, — they were expressly extinguished by section 7 of the Indian Independence Act, and therefore the Indian States became Independent entities.

I want also to remind the House that the Indian Independence Act was drafted after continuous consultation with the leaders of Indian National Congress, on the one side, and the leaders or those who were going to be leaders in Pakistan, on the other, and every clause in the Indian Independence Act including the abrogation or termination of all the treaties and obligations vis-a-vis the Rulers was part of the overall agreement at that time under which the Indian Independence Act was passed.

Now, Sir, we go to step No. 2. We had immediately to undertake with all the Rulers a series of agreements, commonly known as Stand-still Agreements, so that there would not suddenly be a vacuum in regard to the close relationship between the Indian States and what was then known as British India or the Dominion of India, with the object that things might go on uninterruptedly in a continuous way in regard to the various practical matters concerning which there were pre-existing treaties of various kinds. And the Rulers, I am glad to say everyone of them in fact without exception, signed the Stand-still Agreements so that both for the convenience of the Dominion India, that is, the old British India, and for the convenience of their respective States, the pre-existing arrangements as regards communication, transport and a number of other economic matters could continue without any kind of a hiatus or break.

Then followed in most cases, though not in all, a series of agreements known as Accession Agreements. Under those agreements, the rulers acceded to the then Dominion of India in regard to such all India matters as defence, communications, foreign policy etc. Again, these were voluntary agreements entered into with virtually independent States over whom the then Government of the Dominion of India had no sovereignity, suzeraity or any other jurisidction whatsoever. These were agreements entered into between equals for the purpose of voluntarily coalescing with the Dominion of India only in regard to certain specific matters known as the "subjects on which there was accession," that is to say, communications, defence and foreign policy.

Then, finally, came those very difficult negotiations which eventually resulted in the actual merger of the States themselves, in totality, with the then Indian Provinces or into Unions of States in some cases. In the case of Rajasthan, for instance, there was a Union of the States of Rajasthan. In the case of Madhya Bharat, there was a union of the States of the Madhya Bharat region. In the case of Saurashtra, there was a union of the States in the Saurashtra region. Certain States on the other hand were largely viable, like, for instance, Mysore etc. were retained in tact in the Dominion of India. There was also a Union of Travancore-Cochin states. In regard to all these, there were voluntary and solemn Treaties between the States & the Dominion of India, at a time when there was no Constitution of India but only the Government of India Act, 1935 as amended by the Indian Independence Act. They were voluntary, equal-status. Treaties as between the Rulers and the Government of India Dominion of India as it then was.

And in every one of those Treaties and Agreements relating to the merger of the States, either into the Indian Provinces or into the Union States as they were then formed, there were provisions among other things relating to the Privy Purses and the Privileges of the Rulers.

I want to emphasize this and I want particularly to take the House into the kind of atmosphere, the tense atmosphere when we started this exercise and the tremendous sense of relief, elation and pride when we concluded the treaties ; relief because the sense of tension arising out of all sorts of alternative but dangerous possibilities was dissipated ; and elation and pride, because we were determined and we succeeded in seeing that the Rulers were with us in our joint and grand endeavour to bring the whole territorial mozaic into country, half of which

[ Shri N. Dandeker ]

was the Dominion of India and the other half consisted of a number of Indian States. We were thus engaged in this tremendous exercise of bringing these two together to form one Union of India. And among the undertakings that were then given to the Rulers, one was that they need not worry that consequent upon the merger of the States into the Dominion of India Commitments concerning Privy Purses would be forgotten. There was an under-taking that these commitments would be embodied in the relevant provisions of the Indian Constitution itself, to show that it was not a mere voidable agreement between two parties. Consequently, I would like this House to address itself to some simple but very important facts.

MR. CHAIRMAN : He should remember that the time at our disposal is very limited.

SHRI N. DANDEKER : If you want me to shut up, I will.

MR. CHAIRMAN : I will never say that.

SHRI N. DANDEKER : Sir, I feel very strongly about this. I was actively associated with the dynamic process for the creation of this unified country and I hope I am not going to be restrained by just a matter of five or ten minutes.

I want to impress upon this House just what it was that we did at that time. We, the Dominion of India, and they, the Rulers of their respective States, entered into solemn pre-Constitution agreements as between independent sovereign powers entering into treaties, almost on the same equal level, though I grant that they had already acceded in certain respects by the Treaties of Accession. Our whole claim in relation to Kashmir, our entire claim in relation to Kutch such as it was, all these claims are geared to these Accession Treaties and, therefore, these accession treaties and the subsequent merger Treaties with the Rulers have international connotation. Let us not forget it; or that the commitments arising out of these Treaties, both territorial as well as financial were embodied in the Constitution itself.

Therefore, sir, what is involved now, what is involved in this Resolution is not that we abrogate, but that we should unilaterally repudiate these Treaties that is the word which I must we should use. The suggestion is that we repudiate those solemn agreements entered into betweeen us and the then Rulers in good faith and then subsequently embodied into the Constitution, without which there would have been no Constitution of the Union of India. It is now suggested that we should repudiate the consequential obligations solemnly incorporated into the Constitution.

My second point is this. The motion says that in view of the concepts of democracy and equality embodied in the constitution the concept of Privy Purses is out of date. But, Sir, just as the concepts of equality and social justice are embodied in the Constitution, so too are the results of these agreements; neither of them is superior to the other; they have the same constitutional validity and sanctity. The principles of social democracy and equality are sanctified by the Constitution; the same Constitution sanctifies also those obligations which the new sovereign State, the Republic of India, as we call it, accepted at that time. Therefore, my second point is that no contradiction in terms is involved, because both of them are constitutionally sanctified; that is to say, the concepts of equality, democracy and so forth, all of which we have embodied in the Constitution, are as important but no more important than those consequential clauses of those Agreements and Treaties with the Rulers that have also been embodied in the Constitution.

Therefore, sir, I will conclude by saying that I cannot even think of or ever concede the validity of an act of a gross or rather the grossest repudiation of agreements and obligations honorably, solemnly and in good faith entered into and undertaken. I would beg of the House, not just as members of one party or another but as honourable Members of this House, people who have quite rightly a certain dignity and status, who are called not only by ourselves but by outsiders also as honourable Members of this House—let us have some sense of dignity and honour in regard to the observance of solemn agreements. Let us not talk lightly

about repudiating them in easy terms of supposed change of circumstances, or that they are contrary to the social and other values in the constitution, for they too are also embodied in the Constitution. I therefore submit, sir, that this Resolution ought to be rejected.

MR. CHAIRMAN: Ths time allotted for this Resolution is almost over and many major parties have not participated in the debate. On such an important Resolution I think, at least the representative of the major parties should be given a chance.

SOME HON. MEMBERS: We should also be given some time.

MR. CHAIRMAN: That automatically means that on this side also some hon. Membrs will get a chance.

SHRIMATI TARKESHWARI SINHA: This Resolution was discussed in the last session and is just a carry-over. I think, only half an hour or so was left for this Resolution according to time that was allotted. The second Resolution has been given two hours. That happens to be in my name. I would submit that some time should be kept for that Resolution also.

MR. CHAIRMAN: Of course; that time wlil never be cut. So, what is the idea ? Members should be very brief. That is the first thing.

SHRI GADILINGANA GOWD (Kurnool): Kindly give me one minute to move my Resolution.

MR. CHAIRMAN: Let us see. Shri Randhir Singh.

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, यह रिज़ोल्यूशन जो हाउस के सामने है यह मुल्कगीर और आलमगीर अहमियत का हामिल है । बहुत बड़ी इसकी अहमियत है और मुझे खुशी है कि मेरी पार्टी और उसके लीडर, होम मिनिस्टर ने इस मामले को पहले उठाया है और मेरे भाई जो इस वक्त को यहां लाये हैं वह तो उसी तरह से है जैसे एक बड़ी दूकान के सामने अपना खोखा रख लिया । काम हम कर रहे हैं और नाम यह कमाना चाहते हैं । तो मुझे कोई एतराज नहीं इस बात से अगर हमारे भाई ऐसा करें । थोड़ी बहुत इनको भी क्रैडिट मिल जाये, मुझे कोई एतराज नहीं है । लेकिन यह नीबू निचोड़ की बात होगी कि एक आदमी ढाई रु० का खाना ले और दूसरा एक नीबू लेकर कहे कि देखो नीबू कितना अच्छा है । तो चूंकि कांग्रेस अच्छे काम कर रही है, नेशनेलाइज़ेशन किया, प्रिवी पर्स को खत्म करना चाहती है, और अर्बन प्रौपर्टी की सीलिंग भी करने वाली है, तो यह भाई सोच रहे हैं कि मामला क्या है? सारे काम तो इन्होंने कर दिये अब हमारे लिये रह ही क्या गया है, हमारी दुकान में सौदा रहा नहीं हम बेचेंगे क्या । हमारे हलवे भांडे खत्म हो गये । फिर भी मैं इस रिज़ोल्यूशन की स्पिरिट के पक्ष में हूं और चाहूंगा कि होम मिनिस्टर साहब इस काम को करें । भले काम में देरी क्या । नेकी कर दरिया में डाल । सारा देश आप के साथ है ।

दुनिया में कहीं ऐसी मिसाल नहीं मिलेगी जहां प्रिवी पर्सेज़ हों । और देशों में भी मोनार्की है, नेपोलियन को पूजा जाता है, उसके डिसेंडेंट हैं, रूस में ज़ार की हुकूमत थी वहां भी कनटेन्डर्स मिलते हैं, स्पेन में भी है, लेकिन कहीं प्रिवी पर्सेज़ नहीं हैं । फिर इस गरीब देश में इसको क्यों रखा जाता है । हमारा देश बड़ा अमीर है क्या ? अगर नहीं तो फिर यह चीज़ क्यों चल रही है ।

मेरे भाई ने कहा कि मौरेल आबलीगेशन है । करोड़ों रु० का सवाल है जबकि देश की बेहतरी के लिये हम एक एक रुपया बचा कर उन्नति के कामों में लगाने की सोच रहे हैं । फिर करोड़ों रुपया क्यों दिया जाय ? यह पेंशन है क्या ? पेंशन दी जाती है जिसने नौकरी की हो उसके लिये । बुढ़ापे में तकलीफ़ न हो उस आदमी को इसलिये पेंशन दी जाती है । क्या यह तनख्वाह है ? काम कौन सा करते हैं जो तनख्वाह दी जाय । क्या यह जागीर है ? जागीर उसकी होती हैं जिस आदमी ने कोई बड़ा काम

[ श्री रणधीर सिंह ]

किया हो देश के लिये । क्या यह इनाम है ? इनाम दिया जाता है कोई बड़ा बहादुरी का काम करने पर । क्या यह गिफ्ट है ? गिफ्ट भी नेशन और कम्युनिटी की सर्विस के एवज में दी जाती है । तो न तनख्वाह, न पेंशन, न जागीर, न गिफ्ट है । तो फिर है क्या ?

यह एक नारा है कि पब्लिक पौलिसी के खिलाफ़ कोई एग्रीमेंट हो तो वह ठीक नहीं होता । हमारी सरकार ने एग्रीमेंट किया लेकिन वह आज पब्लिक पौलिसी के खिलाफ़ है । कोई एग्रीमेंट अगर अंधेरे में पब्लिक पौलिसी के खिलाफ़ हो जाय तो वह एग्रीमेंट वायड होता है । तो मैं कहना चाहता हूं कि यह गलत है । क्योंकि ध्येय समाज का यह होता है कि "वन हू डज़ नौट वर्क शैल नौट ईट ।" जो आदमी काम नहीं करता उसे कुछ नहीं मिलना चाहिये । इन राजाओं को किसी को 1 लाख, किसी को 10 लाख और निज़ाम को सुना जाता है कि एक करोड़ रु० सालाना दिया जाता है । जबकि काम कुछ नहीं करते । यह चीज़ कांस्टीट्यूशन के खिलाफ़ है । कहते हैं कि हम गिरायेंगे इस मूव को और देखेंगे कि कैसे यह पार्लियामेंट करती है । मैं उन भाइयों को बताना चाहता हूं कि आदमी को औरत और औरत को आदमी तो नहीं बना सकती, लेकिन बाकी सब कुछ यह पार्लियामेंट कर सकती है । सिर्फ़ कुछ लोगों को छोड़कर सारे दल इसके हक में हैं । अगर एक दिन बैठ कर कांस्टीट्यूशन में संशोधन कर देंगे तो मामला सब खत्म हो जायेगा । न सुप्रीम कोर्ट में जा सकते हैं और न कहीं जा सकते हैं । तो जो मौरल आब्लीगेशन की बात भाई दांडेकर जी ने कही उससे काम नहीं चलेगा । अगर शरमिन्दाना जहनियत है तो इसको कोई बर्दाश्त नहीं करेगा और अगर हम इसको अबालिश करते हैं तो इंटरनेशनली हमारी पोज़ीशन साफ़ होगी ।

हमारी पार्टी का प्रोग्राम है, गांधी जी, जवाहर लाल जी और सबका प्रोग्राम है जिसको हम तय करने जा रहे हैं । प्राइम मिनिस्टर और होम मिनिस्टर के नाम ए०आई०सी०सी० की तरफ़ से डाइरेक्टिव है कि इस काम को किया जाए और उसको हम करना चाहते हैं । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि इस काम में अब देरी नहीं होनी चाहिये ।

इस मामले में हमें गांधी जी का उसूल याद रखना है, और मैं खास तौर पर रूलर्स को कहना चाहता हूँ, क्योंकि हमारे ऐसे रूलर्स भी हैं जैसे बीकानेर के, पटियाला, के जिन्होंने अपील करते ही देश के साथ इंटेगरेट किया, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वह वौलेन्टेरिली कहें कि हम प्रिवी प्रर्स को छोड़ते हैं । वे पेट्रियाटिक बनें, और कमा कर खायें । मुफ्त की कमाई ठीक नहीं होती । मेहनत करके खायें । मैं रूलर्स को रूलर्स नहीं कहूँगा, क्योंकि उनमें से बहुत-से हमारे रूलर्स एम०पीज़० हैं और इनको वौलेन्टेरिली सामने आना चाहिये और होम मिनिस्टर से कहना चाहिये कि हम प्रिवी पर्सेज़ नहीं चाहते हैं । और ऐसा कानून यहां पास करने की ही जरूरत न पड़े । अगर वह ऐसा करेंगे तो देश उनकी इज्ज़त करेगा और हम चाहेंगे कि लगातार चुन कर वह पार्लियामेंट में आयें और नेता बनते रहें ।

इसलिये मैं रिज़ोल्यूशन की स्पिरिट की ताईद करता हूं । लेकिन अपने भाई से कहूंगा कि तुम अहसान क्यों ले रहे हो । वह तो हम करने ही जा रहे हैं । जिस तरह से नैशनेलाइ-ज़ेशन हुआ है, दो हफ्ते के अन्दर इसका भी ऐलान कीजिये और अगर यह हमारे और आप के लिये शरह है इसको ले लीजिये और देश आप का एहसान मानेगा ।

मैं बड़ा मशकूर हूँ कि आपने मुझे बोलने का वक्त दिया ।

**श्री भोगेन्द्र झा** (जयनगर) : सभापति महोदय, राजा महाराजाओं को दिये जाने वाले प्रिवी पर्स का मामले हमारे राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए और हमारे जनतंत्र

के लिए खतरे का विषय बन गया है । मैं पुरानी बातों में जाना नहीं चाहता हूं। दांडेकर जी ने कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और उससे पहले, अंग्रेज़ों के आने के पहले भी देश के लिए बहुत कुछ किया है। हम सभी जानते हैं कि अंग्रेज़ों के आने के पहले राजा महाराजाओं ने उनका मुकाबला किया था और उनके जो कारनामे थे उनसे हम प्रभावित भी हुए थे। लेकिन जब हम गुलाम हो गए तो इन गुलामी की जंजीरों को मजबूत बनाने में राजे महाराजे जिस तरह से अंग्रेजों के मददगार साबित हुए, उस इतिहास में मैं जाना नहीं चाहता हूँ। उनका जो दो सौ बरस का इतिहास रहा है वह कलंक का इतिहास रहा है। वह पवित्र इतिहास नहीं रहा है, गौरवपूर्ण इतिहास नहीं रहा है। 1947 के बाद भी हम जानते हैं कि वह कलंक का ही इतिहास रहा है। अंग्रेज जब भारत से गया तो वह भारत को 608 हिस्सों में बांट कर चला गया। उसके बाद जन आन्दोलन हुए। हम सभी जानते है कि सभी देशी रियासतें राजाओं की मर्जी से भारत में विलीन नहीं हुई। तेलंगाना में विद्रोह हुआ। किसान हथियार लेकर निकले निजाम की हकूमत के खिलाफ़। उस वक्त भारत सरकार के खिलाफ़ निज़ाम साजिश कर रहे थे। वह अपना अलग अस्तित्व बनाये रखना चाहते थे। अमरीका और अंग्रेज उनका साथ दे रहे थे। लेकिन जो जन आन्दोलन चला उसके सामने वह टिक नहीं सके और उनको भारत में शामिल होना पड़ा।

जब देशी रियासतें भारत में मिलीं तो उसके बाद राज प्रमुख कुछ राजे बने। उनको हमने हटाया। हम आगे बढ़े। एक बहुत बड़े खतरे का रूप यह ले रहा था। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि लार्ड माउंटबेटन ने प्रधान मंत्री को चिट्ठी लिखी थी उसमें उन्होंने उनसे कहा था कि राजा महाराजाओं की थैलियां आप खत्म मत कीजिये। यह एक गम्भीर बात थी, एक खतरे की निशानी थी। मैंने इस सवाल को उठाया था। प्रधान मंत्री ने इसका लिखित उत्तर दिया था। उन्होंने कहा था कि यह व्यक्तिगत चिट्ठी थी, निजी हैसियत से यह लिखी गई थी और इसमें क्या चीज़ है, उसका ज़िक्र नहीं किया जा सकता है। लार्ड माउंटबेटन की चाहे पहले जो हैसियत रही हो, वह हैसियत उनकी बाद में नहीं रह गई थी। लेकिन फिर भी जिस चाहे हैसियत में उन्होंने वह चिट्ठी लिखी हो, वह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए एक गम्भीर मामला था। यह हमारे आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप था। माउंटबेटन हो या दुनिया का कोई और नेता या कोई भी शक्ति, इस बारे में राय या सलाह देने का किसी को कोई हक नहीं है और न कोई हमें दे। माउंटबेटन के वक्त यह हो सकता है कि प्रिवी पर्स तय किये गये हों। लेकिन बाद में उनकी वह हैसियत नहीं रह गई थी जो तब थी। बाद में अगर कोई हमें इस प्रकार की राय या सलाह देता है तो यह हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप है। मैं चाहता हूं कि लार्ड माउंटबेटन ने जो पत्र लिखा था हमारी सरकार की ओर से उसका क्या उत्तर दिया गया और अगर कोई उत्तर नहीं दिया गया तो यह भी बताया जाए। गृह मंत्री आज यह भी घोषणा करें, कि इस प्रकार की राय देना हमारे अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करना है।

इस प्रिवी पर्स के मामले का एक दूसरा पहलू भी है। भले या बुरे तरीके से आज वे इस सदन के सदस्य भी हैं और देश के कामों में वे हिस्सा भी ले रहे हैं, जो हमारे शासन का ढांचा है उसमें वे हिस्सा भी ले रहे हैं। उस अवस्था में न तो इसका उनके काम से ताल्लुक है और न किसी और चीज़ से लेकिन उसको चालू रखना जनतंत्र के लिए एक कलंक है। इसलिए प्रिवी पर्सिस का अन्त होना चाहिये।

अभी हमारे रणधीर सिंह जी बोल रहे थे और कह रहे थे कि यह उनकी और उनकी पार्टी की पालिसी है। दुर्भाग्य की बात है कि प्रस्ताव तो आप लोग बीस साल से पास करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक आपने इसको लागू नहीं किया है। कब लागू करेंगे, इसका पता नहीं। एक झटके से आपने बैंकों का राष्ट्रीय-

[श्री भोगेन्द्र झा]

करण कर दिया है। एक ही झटके में आप इनको भी समाप्त कर दें। बैंकों के राष्ट्रीयकरण का काम भी पूरा हुआ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आपने विदेशी बैंकों को छोड़ दिया है और जिन बैंकों की पचास करोड़ से कम पूंजी है, उनको भी छोड़ दिया है। फिर भी एक झटका आपने लगाया है और एक झटका इधर भी लगा दें। क्या आशा की जाए कि गृह मंत्री जी आज हिम्मत करके इस बात की घोषणा कर देंगे कि प्रिवी पर्स समाप्त किये जाते हैं और लोक सभा के इसी सत्र में इस आशय का एक प्रस्ताव लाया जाएगा और उसको पास कराया जाएगा ?

हमारे रणधीर सिंह जी ने कहा कि वाह-वाही ये लोग क्यों लूटें। हम लोग वाह-वाही नहीं चाहते हैं। आप वाह-वाही लूटें। आप इसका एलान कर दें ताकि देश का कल्याण हो। अगर देश का आपके किसी एलान करने से लाभ होता है, तो हमें वाह-वाही नहीं चाहिये। यह कोई ज़िद की बात नहीं है।

इसके साथ एक तीसरा सवाल भी जुड़ा हुआ है। प्रिवी पर्स के चलते यह भी सुनने में कभी-कभी आता है कि किसी राजा की एक रानी एक करोड़ रुपये के जवाहरात लेकर विलायत चली गई। हाल ही में अखबारों में निकला है कि रामपुर के नवाब के यहां से बेगम को बुलाया गया और स्टेट बैंक में जब जवाहरात की तलाशी हुई तो पता चला कि जवाहरात को बदल दिया गया है और असली के बदले नकली रख दिये गये हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर इनको बन्द कर दिया जाता है तो राजा भूखे नहीं मरेंगे, उनके बच्चों की पढ़ाई के रास्ते में कोई दिक्कत नहीं आ जाएगी। चुनाव में जीतने के लिए अगर इनको दो-चार-पांच लाख खर्च करना पड़ेगा तो ऐसी बात नहीं है कि ये खर्च नहीं कर सकेंगे। कोई ऐसा राजा नहीं है जो न कर सकता हो। जो थैली उनको दी जाती है उनकी अधिकतम जरूरतों के हिसाब से भी नहीं दी जाती है, उनसे भी कहीं ज्यादा की थैली उनको दी जाती है। मैं निम्नतम की बात नहीं कर रहा हूं। थैली देने का कोई आधार नहीं है। हम यह भी चाहते हैं कि पुराने राजा-महाराजा खुद एलान करें कि वे थैलियां नहीं लेंगे। सरकार के अन्दर भी कई राजे-महाराजे हैं। डा० कर्ण सिंह हैं, श्री दिनेश सिंह हैं। कम से कम उनको तो इसका एलान कर ही देना चाहिये कि वे थैली का पैसा नहीं लेंगे।

**15.36 hrs.**

[SHRI K.N. TIWARY *in the Chair*]

दांडेकर साहब ने कहा कि काश्मीर राजा की वजह से काश्मीर भारत में शामिल हुआ है। हम सब जानते हैं कि अंग्रेजी और अमरीकी फौजी अफसरों के कहने में आकर जब कबायलियों ने काश्मीर पर हमला किया, जब पाकिस्तानी फौजों ने काश्मीर पर हमला किया तो उस हमले का मुकाबला वहां के राजा ने नहीं बल्कि काश्मीर के लोगों ने किया, वहां की नैशनल कान्फ्रेंस ने किया, शेख अब्दुल्ला ने किया, सादिक साहब ने किया, बख्शी गुलाम मुहम्मद ने किया, वहां की जनता ने तलवार से उनका मुकाबला किया और वहां जो जन आन्दोलन हुआ, उस जन आन्दोलन ने भारत को वहां आने के लिए निमंत्रण दिया और तब वह भारत में शामिल हुआ। जनता की इच्छा से, जन आन्दोलन की राय से काश्मीर भारत का हिस्सा बना। वह राजा की मर्जी से ही नहीं बना बल्कि जनता की मर्जी से बना। श्री दांडेकर जी की आई० सी० एस० अफसर रहने की हैसियत से यह राय हो सकती है कि एक आदमी की मर्जी पर काश्मीर भारत का हिस्सा बना लेकिन वास्तव में काश्मीर की जनता की मर्जी से वह बना।

मैं आशा करता हूं कि गृह मंत्री आज ही एलान कर देंगे कि प्रिवी पर्स समाप्त होंगे और इसी सत्र में एक विधेयक पारित किया जाएगा। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो मैं सदन से आग्रह करूंगा कि वह इस प्रस्ताव को मंजूर

करे और कोई मुआवज़े की बात नहीं उठानी चाहिये ।

**सभापति महोदय :** इसके लिए जो समय निर्धारित किया गया था वह समाप्त हो चुका है। लेकिन अभी सभी पार्टियों के माननीय सदस्य नहीं बोले हैं। मैं उनको भी समय देना चाहूंगा। मैं चाहता हूं कि जिनको अब बुलाया जाए वे अधिक समय न लें।

श्री वाजपेयी।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर): मेरे मित्र श्री रवि राय ने जो प्रस्ताव सदन के सामने पेश किया है, उसके ऊपर बड़ी गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। मैं एस० एस० पी० की स्थिति समझ सकता हूं। जब से राजाओं को थैली देने का निर्णय हुआ है, हमारे समाजवादी बंधु इसके विपक्ष में बोलते रहे हैं और उसे समाप्त करने की आवाज़ उठाते रहे हैं। लेकिन जो कांग्रेस के सदस्य इसके विरोध में बोले हैं, उसको सुनकर मुझे थोड़ा सा आश्चर्य हुआ है। यह काम वे बाइस साल से करते आ रहे हैं और यह काम उनकी इच्छा और उनके निर्णय के अनुसार होता आ रहा है। चूंकि यह संविधान में लिखा हुआ है, इस वास्ते उनको थैलियां दी जा रही हैं। जब संविधान का निर्माण हुआ उस समय मेरे दल का जन्म भी नहीं हुआ था और प्रिवी पर्स देने के निर्णय से हम बंधे हुए नहीं हैं। लेकिन संविधान का निर्माण करने वाले कांग्रेस के सदस्य उस निर्णय से जरूर बंधे हुए हैं। आज जब प्रिवी पर्स को समाप्त करने की बात आ रही है तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा कि जो बात बाइस साल तक ठीक थी वह अचानक गलत कैसे हो गई।

कहा जाएगा कि समय बदल रहा है, यथा स्थिति में परिवर्तन होना चाहिये। मैं मानता हूं कि समय बदल रहा है और बदलते हुए समय के कुछ तकाजे हैं। लेकिन इस सम्बन्ध में कोई भी निर्णय एक पक्षीय नहीं हो सकता।

प्रिवी पर्स का जो समझौता है, यह द्विपक्षीय है—एक ओर शासन और दूसरी ओर राजा।

अंग्रेजी राज्य में राजाओं के तौर-तरीकों का हम विरोध करते रहे हैं और राज्यों में उत्तरदायी शासन की स्थापना के लिये संघर्ष करते रहे हैं। लेकिन अंग्रेज़ों के जाने के समय देश के विभाजन से उत्पन्न संकट को ध्यान में रखकर राजाओं ने अपने राज्यों को भारतीय संघ में मिलाने का जो निर्णय किया, वह एक देशभक्तिपूर्ण निर्णय था। उस निर्णय के लिये जहां सरदार पटेल की नीतिमत्ता और बुद्धिमत्ता की प्रशंसा की जानी चाहिए, वहां राजाओं की देशभक्ति की भी सराहना की जानी चाहिए। निर्णय कोई भी किया जाये, लेकिन हम इतिहास को विकृत करने की कोशिश न करें, सरदार पटेल के काम पर पानी फेरने की कोशिश न करें।

जब अंग्रेज़ गये, तो वे, कानून और संविधान की दृष्टि से ही क्यों न हो, रियासतों को सर्वप्रभुता का अधिकार दे गये, यह छूट दे गये कि राजा किसी भी खंड में मिल सकते हैं। यह ठीक है कि अगर राजा ग़लत निर्णय करते, तो जनता जाग्रत हो रही है, वह उनसे जवाब मांगती। लेकिन अगर राजा शरारत पर आमादा होते—जैसे कुछ राजाओं ने शरारत करनी भी चाही—, तो हम एक नये ख़तरे में फंस सकते थे।

सरदार पटेल ने अपनी बुद्धिमता से उस ख़तरे को टाला। राजाओं ने देशभक्ति को पहचान कर और जनता की भावनाओं का समादर कर के, जो निर्णय किया, उस निर्णय का अभिनंदन होना चाहिए। मैं समझता हूँ कि हम जो भी निर्णय करें, वह इस पृष्ठभूमि में करना होगा।

सरदार पटेल ने 12 अक्तूबर, 1949 को इस विषय पर संविधान सभा में जो भाषण दिया, उसका एक अंश में सदन के सामने रखना

[ श्री अटल विहारी वाजपेयी ]

चाहता हूं। उनका भाषण अंग्रेज़ी में था। मैं उसी को उद्धत कर रहा हूँ :

"Human memory is proverbially short. Meeting in October 1949, we are apt to forget the magnitude of the problem which cpnfronted us in August 1947. As the hon. members are aware, the so-called lapse of paramountcy was a part of the plan announced on June 3, 1947, which was accepted by the Congress. We agreed to this arrangement in the same manner as we agreed to the partition of India. We accepted it because we had no option to act otherwise. While there was recognition in the various announcements of the British Government of the fundamental fact that each State should link up its future with that Dominiom with which it was geographically contiguous, the Indian Independence Act released the States from all their obligations to the British Crown. In their various authoritative pronouncements, the British spokesmen recognised that with the lapse of paramountcy, technically and legally the States would become independent. They even conceded that theoretically the States were free to link their future with whichever Dominion they liked, although, in saying so, they referred to certain geographical compulsions which could not be evaded. The situtation was indeed fraught immeasurable potentialities of disruption, for some of the Rulers did wish to exercise their technical right to declare independence and others to join the neighbouring Dominion. If the Rulers had exercised their right in such an unpatriotic manner, they would have found considerable support from influential elements hostile to the interests of this country".

निज़ाम के आचरण का भी उल्लेख किया गया है। गुजरात के दो राजाओं ने—उन्हें नवाब कहना चाहिए—ग़लत फ़ैसला करके किस तरह से हमारे लिए कठिनाइयां पैदा कीं, यह इतिहास की वस्तु है। मैं उसको दोहराना नहीं चाहता। मेरा निवेदन है कि मैंने आज महाराजा ध्रांगध्रा का ववतव्य देखा है, जो राजाओं की ओर से दिया गया है। जब सारे वक्तव्य को मैंने पढ़ा, तो मुझे लगा कि इस मामले पर राजा सरकार से बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं, बातचीत चल भी रही है, और जब तक वह बातचीत पूरी नहीं होती, तब तक किसी तरह का फ़ैसला करना उचित नहीं होगा। उनके वक्तव्य के एक अंश की ओर मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं :

"The anxious concern of rulers like that of other citizens is that the essential things which affect the life and well-being of society must command the prime attention, thought and energy of Government, especially at the critical time through which the country is passing. In this as in matters touching national interest, the rulers like other citizens are duty bound to serve and sacrifice as occasion requires."

इस वक्तव्य की भावना स्वागत-योग्य है। यह खेद का विषय है कि आज कोई सरदार पटेल नहीं है, जो राजाओं को स्वेच्छा से सब कुछ छोड़ने के लिए तैयार कर सके। राजा वही हैं, मगर सरदार पटेल नहीं हैं। सभापति महोदय, मावले वही हैं, मगर शिवाजी नहीं। भामाशाह वही हैं, लेकिन राणाप्रताप नहीं हैं। और गृह मंत्री महोदय को अपनी विफलता मान लेनी चाहिए। अगर देशभक्ति की अपील की जायेगी, तो राजाओं की प्रतिक्रिया होगी। बदलते हुए समय को राजा नहीं पहचानते हैं, ऐसा नहीं है। लेकिन अगर सीने पर पिस्तौल रखकर निर्णय कराने के लिए सरकार तुली हुई है, तो इसका विरोध स्वाभाविक होगा। **(व्यवधान)**

मेरे मित्र, श्री रवि राय, ने भी अपने प्रस्ताव में प्रिवी पर्स पूरी तरह से खत्म करने की बात नहीं कही है। उन्होंने एक वैकल्पिक व्यवस्था सुझाई है, क्योंकि एक राजा ऐसे हैं, जिनको साल भर में 192 रुपये प्रिवी पर्स मिल रहा है और 22 के करीब राजा ऐसे हैं, जिनको 700 रुपये महीने के करीब प्रिवी पर्स मिल रहा है।

**श्री सु० कु० तापड़िया** (पाली) : श्री रणधीर सिंह से भी कम !

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : श्री रणधीर सिंह तो हरियाणा के सम्राट हैं। इसलिए श्री रवि राय को भी यह कहना पड़ा कि जिन भूतपूर्व शासकों के पुनर्वास की आवश्यकता है, उन्हें निजी थैली की वार्षिक रकम की सात गुना अथवा दस लाख रुपये की एक मुश्त अदायगी, जो भी कम हो, की जाये।

स्पष्ट है कि इस सम्बन्ध में राजाओं से बातचीत करनी होगी और सरकार अपने दिमाग के दरवाजे बन्द नहीं कर सकती है। कोई एक-पक्षीय फ़ैसला नहीं हो सकता है और अगर एक-पक्षीय फ़ैसला होगा, तो सरकार पर वचन-भंग का आरोप लगाया जायेगा और सरकार वचन-भंग की दोषी करार दी जायेगी।

**श्रीमती जयाबेन शाह** (अमरेली) : सभापति महोदय, आज सदन के सामने एक बहुत टेढ़ा मामला आया है और इस विषय पर सदन दो भागों में बंटा हुआ दिखाई देता है। कोई एक ओर है और कोई दूसरी ओर। मेरे ख्याल से ऐसा नहीं होना चाहिए। जैसा कि श्री दांडेकर ने बताया है, हमें वे दिन भी याद हैं, जब केवल सौराष्ट्र में 202 राजा थे। इन्स्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन पर हस्तक्षार करने के समय क्या स्थिति थी, क्या-क्या घटनाएं हुईं, वे सब हमारी देखी हुई बातें हैं। उनमें से कई राजा लोग आज हमारे बीच में हैं, जिनमें से एक ध्रांगध्रा के महाराजा साहब भी हैं।

मैं समझती हूं कि हम लोगों को इस प्रकार दो कैम्पों में नहीं बंट जाना चाहिए, बल्कि हमें राजा-महाराजाओं को, जिनमें से कुछ यहां एम० पी० बन कर आये हैं और कुछ बाहर हैं, बताना चाहिए कि उन्हें जमाने के साथ चलना ही होगा और उन्हें यह मानना ही होगा कि देश आगे बढ़ रहा है और इस दृष्टि से उन्हें उसके साथ कदम मिलाना ही पड़ेगा। आज से 22 साल पहले उन्होंने सरदार पटेल की प्रेरणा पर अपने राज्य छोड़ दिये थे। आज फिर ऐसा ही मौका आया है। मैं सोशलिस्टों, कम्युनिस्टों या कांग्रेस की नीतियों की बात नहीं करती हूं। मैं कांग्रेस की ओर से भी अपील नहीं कर रही हूं। मगर हमारे देश की जो हालत है और जमाना जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है इसको देखते हुए मैं अपने भाइयों से जो राजा महाराजा हैं जो यहां बैठे हुए हैं और जो हाजिर नहीं हैं उनसे भी अपील करना चाहती हूं कि आप अपनी ओर से कह दीजिए। क्यों हमको मजबूरी में डाल रहे हैं कि रेज़ोल्यूशन पास किया जाय और उसके बाद यह सब हो। मैं नहीं चाहती हूं कि ऐसा किया जाय। यह सब लोग भी हमारे भाई हैं। मैं इनसे कहना चाहती हूं कि आप अपने दिल में ऐसा मत सोचिए कि हमको झुकाया जा रहा है। यह झुकाने वाली कोई बात नहीं हो सकती। डेमोक्रेसी में सबके समान अधिकार हैं। लेकिन मैं उनसे ही अपील करना चाहती हूं। उनके दिल में भी प्रेम है देश के लिए। तो मैं उनसे आज अपील करूंगी कि आप फिर से सोचें और आप अपनी ओर से कह दें कि हमको प्रिवी पर्स और जो विशेषाधिकार हैं वह नहीं चाहिए। यह चीज उनकी तरफ से आनी चाहिए। इसलिए मैं फिर से उनसे अपील कर रही हूं और अपने सब भाइयों से अपील करती हूं कि यह देश की मांग है, अगर वह कहते हैं कि यह मारल औबलिगेशन है तो उसका एक थोड़ा-सा बोझ मेरे सिर पर भी पड़ता है कांग्रेस की सदस्य होने के नाते से, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि देश इसको बर्दाश्त नहीं कर सकता कि कुछ लोगों को दस लाख की प्रिवी पर्स हो, कुछ लोगों को 5 लाख की पर्स हो ... (**व्यवधान**) .. मैं दो मिनट में खत्म करती हूं। मैं यह कह रही हूं अपने कांग्रेस के भाइयों से, जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी वालों से कि आप ऐसा बंटवारा इस सवाल के ऊपर मत कीजिए। यह देश चाहता है, कोई एक व्यक्ति नहीं चाहता है। यह जमाने की मांग है कि यह प्रिवी पर्स जाने चाहिए। मौरल औबलीगेशन की बात भी मत करिए। लेकिन जो देश की आज की हालत

[ श्रीमती जयाबेन शाह ]

देखते हुये मौरल औबलीगेशन की बात करना भी उचित नहीं होगा । मैं उनसे प्रार्थना करूंगी कि यह जो रेजोल्यूशन है इसको तो वापस लिया जाय । वह खुद हमारे राजा महाराजा आकर कहें कि प्रिवी पर्स हमें नहीं चाहिए । यह उनको कहना ही पड़ेगा । नहीं तो देश यह बर्दाश्त नहीं करेगा । फिर क्या हो सकता है, कैसे हो सकता है,... (**व्यवधान**) ... कितने समय में खत्म हो, कैसे किया जाय, छोटे को क्या किया जाय, बड़े को क्या किया जाय, इस सारी तफ़सील में हमारे होम मिनिस्टर साहब जाएंगे और उनके साथ बैठ कर एक फैसला करके मैं समझती हूं कि 2 अक्तूबर के पहले भी कुछ-न-कुछ नतीजा ला सकते हैं । मेरी अपील है हिन्दुस्तान की एक बहन की ओर से कि आप इस पर ज़िद मत करिए । सारा देश इस प्रिवी पर्स के खिलाफ है । मगर ज़िद का मामला इसको बनाएंगे तो कोई फायदा नहीं है । अपनी खुशी से वह छोड़ दें, निगोशिएशन्स से जितना मिले वह ले लें, देश उसमें राजी होगा । यह मेरी अपील देश की ओर से है अपने राजा महाराजा भाइयों से कि वह इसको स्वीकार करें ।

SHRI S. KUNDU (Balasore): Mr. Chairman, Sir, right from the days of the Constituent Assembly, the then socialist party has been demanding the abolition of the privy purse But, during this passage of 22 years, we find more dramas being enacted by the Congress party about the abolition of privy purse rather than it is abolished, that they are having discussions with the princes; when and how they are going to remove or take out the privy purse, and whenever there is inner-con flict in the Congress, they come out with some sort of assurance. Again, the assurance was not fulfilled for months together. I remember, about a year and half back in answer to a question the Home Minister himself said that we are going to take positive steps. I donot know what prevent. him that during the passage of so many months he has not come out openly and said that the privy purses would be abolished. It is really some sort of a great insult to all of us. This drama must end. It is an embarrassing thing to find you sitting round the princes and you just make them dance saying that we are taking away your purses today or tomorrow and then tell them we are not going to do it now whenever a conflict in the Congress arises.

Sir, this question of privy purses is not a personal question. It is a question whether the will of the people will prevail or whether the so called right flowing from certain enactments and treaties which were made with the blessings of the British people with individual princes will prevail. This is the only question to be decided.

We have demanded that privy purses must go lock, stock and barrel. If the Congress wants to show their commitment to larger social purpose or social objective they must immediately, forthwith, abolish the privy purses. I can imagine the case of those princes who are on this side, who in spite of their temptation have agreed with the demand of the Opposition. I can also imagine that those princes who sit with the Congress continue to sit there in the hope that they will be able to keep the privy purses. Let me tell them that the days are numbered. Let me tell them that must not harbour any illusion. It is the desire and will of the people which will force the Congress to abolish the privy purses and no more hanky-panky will be tolerated by the people.

It was said that it was sheer patriotism that the princes agreed to join the Indian Union in 1947. Was that patriotism? What happened hundred years before the sepoy mutiny. When Sirajdaulah was there with an army of thousands, Lord Clive with a few hundred people went and completely defeated him. Right from 1757 the morality of these princes, the sense of respect of these princes and their patriotism have been completely destroyed by the British people. Can those who were dancing to the tune of the British people, those who were obeying the dictates of the British people show any patriotism? In 1947 there was a great upsurge among the people and there was no other way for the princes to give up power peacefully. At that time the Congress should have completely abolished their privy purses.

It is said there are certain princes who are taking only Rs. 100 or Rs. 150. Why are they accepting even that? They should throw it back on the Congress. They must

show this courage and show to the world that a new process, a new change is going on.

SHRI PILOO MODY (Godhra): Sir, as a demonstration let him throw a ten-rupee note.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli): On his behalf I am throwing a ten-rupee note.

16 hrs.

SHRI M.L. SONDHI (New Delhi): Sir, I rise to a point of order. Can you allow company donations inside the House?

SHRI S. KUNDU: The princes have been paid so far Rs. 135 crores. They have many palaces, thousands of acres of land and they enjoy many concessions. So, if at all there is any question of compensation, it should be limited to those who are really poor princes, who are like commoners. No compensation should be paid to the rich princes who are enjoying all the privileges. The Home Minister should make a categorical statement here about the date and time when he is going to do away with the privy purse. Otherwise, we cannot but conclude that they are not serious about doing away with the privy purses.

SHRI VISWANATHA MENON (Ernakulam): This is a simple resolution which can be easily accepted by the government. For me it is a little bit difficult to accept it because there is a suggestion for paying some compensation to which I am not agreeable. Even this limited resolution has been questioned by the Congress speakers. I know very well these people who are opposing this Resolution.

I come from a State which at one time had two Maharajas. Shri Dandeker was saying a lot about the patriotism of the princes, who acceded their States to the Indian Union. Everybody knows the role played by the Maharaja of Travancore at that time. He declared his State independent and said that the American constitution will be his model. The people of Travancore had to fight the heroic Punnapra Vayalar struggle which is of historic importance. Shri Dandeker was saying that these Rajas are patriots. They were never patriots. They were fifth columnists of the British imperialism. They were actually working in the interests of British imperialism. There were some people among the princes who were fighting the British. I remember Tippu Sultan; but he is not in the picture now. I remember Pashasi Raja; but he is not in the picture now. People who are now taking money in the name of privy purse, they were traitors; for the last 22 years they were paid privy purse by the Congress Government. They should not have been paid any money.

SHRI PILOO MODY: Sir, some of the members of this House are princes and he is criticising them......(*interruptions*).

SHRI VISWANATHA MENON: All the Maharajas were fighting against our independence. They were the stooges of British imperialism. During the last 22 years they have received a lot of money from the Congress Government.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** (मुरादाबाद) : सभापति महोदय, मेरा प्वाइन्ट आफ़ आर्डर है ।

**सभापति महोदय** : वह ईल्ड नहीं कर रहे हैं ।

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : प्वाइन्ट आफ़ आर्डर में ईल्ड करने का सवाल नहीं आता ।

**सभापति महोदय** : क्या प्वाइन्ट आफ़ आर्डर है ।

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : इन्होंने भूतपूर्व राजाओं के सम्बन्ध में जो शब्द उच्चारण किया है, वह पार्लियामेन्ट की परम्परा और शान के विरुद्ध है । उस शब्द को इन्हें वापस लेना चाहिये ।

**सभापति महोदय** : क्या उच्चारण किया है ?

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : ट्रेटर कहा है । देशद्रोही से ज़्यादा बड़ी गाली और क्या हो सकती है ।

MR. CHAIRMAN: Please do not refer to hon. Members in those terms. That is neither proper nor parliamentary.

SHRI VISWANATHA MENON: But I have not referred to any of the Members here. I have referred to the role of the Maharajas before independence.

SHRI PILOO MODY: When we sometimes call the Communist Party 'traitors', they object because, they say, they are hon. Members of this House and, therefore, nobody should cast such aspersions on them. Now there is another group of people in this country who are as much a part of the community in this country as they are—in fact, more—and they are allowed to say these things and get away with it. What sort of a House is this ? I am saying that you pull him up for what he has said and ask him to withdraw what he has said.

SHRI VISWANATHA MENON : The role played by the Indian Princes before independence was not in favour of the freedom fight.

MR. CHAIRMAN : Pleased do not refer to any Member casting any aspersion on him.

SHRI VISWANATHA MENON : I have not cast any aspersion against any Member.

SHRI PILOO MODY: He says that all those who are receiving privy purses are traitors.

SHRI VISWANATHA MENON: I was giving the historical background.

SHRI RANDHIR SINGH: The word 'traitor' is unparliamentary and it should be expunged.

SHRI S. K. TAPURIAH: This morning during Question Hour when I only said that a certain section was there whose loyalty was doubtful, I was pulled up and asked to withdraw. I had not mentioned which section. Here they have particularly said that certain sections of the people are traitors. Therefore you must expunge it or he must withdraw it.

SHRI NAMBIAR: What he said was quite different. He was giving the history of it. He says that he has got every respect for every Member.

MR. CHAIRMAN: If he has used the word 'traitor', he should withdraw it.

SHRI VISWANATHA MENON: I have not said anything about the present people... (*Interruption*).

MR. CHAIRMAN: This is very bad. When I am talking to him, all of you get up and begin to shout. How will you run this democratic organisation, this House, like that ?

SHRI PILOO MODY: We want no expunction; we want wi'hdrawal of the word.

SHRI NAMBIAR: What he said was totally different.

**सभापति महोदय :** एक आदमी जब बोल रहा है तो आप लोग बीच में क्यों वकालत करते हैं।

If you have used the word, please withdraw it.

SHRI NAMBIAR: Please hear what he actually said. It was all confusion.

SHRI BRIJ RAJ SINGH KOTAH (Jhalawar) : I humbly submit that if some of the members of the princes were traitors, I ask this Government to shoot them as traitors. But they have no liberty to call anybody a traitor. We are all as much patriots as anyone else is.

SHRI VISWANATHA MENON: I have not said anything about the present situation. I said that before the 1947 agreement these Maharajas were not supporting the freedom movement. That is the point that I was making......(*Interruption*).

**16.10 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MR. DEPUTY SPEAKER: Please resume your seat first. The question is, you have used the word "traitor" regarding princes...(*Interruption*). This morning, I gave my ruling on that. There are a number of princes here. Whatever we may decide is a different matter. But if we start bandying words like this, it will be very difficult.

SHRI VISWANATHA MENON : If you want, I withdraw that word. I am prepared to withdraw that word. But I stand by what I said that these *rajas* and *maharajas* were against the Independence of the country. For 22 years, we have given them the poor man's money. Almost all the *rajas* and *maharajas* have got big properties.

